प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

27.03.2024 समय 18.30

- प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिये नामांकन पत्र भरने का काम आज पूरा हुआ। प्रारम्भिक जानकारी के अनुसार कुल 154 नामांकन भरे गये।

- भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश के लिये 40 स्टार प्रचारकों की सूची की जारी की।

- सैन्य कंमाडरों का सम्मेलन कल नई दिल्ली में हाईब्रिड माध्यम से शुरू होगा।

- प्रदेश के पश्चिमी हिस्सों में तेज गर्मी–फलौदी में पारा 41 डिग्री से ऊपर पहुंचा।

0000

राज्य में लोकसभा चुनाव के पहले चरण मे 12 सीटों के चुनाव के लिये नामांकन पत्र भरने का काम आज पूरा हो गया। अब तक मिली जानकारी के अनुसार इस चरण में 154 नामांकन भरे गये है। आज नामांकन का अंतिम दिन होने के कारण भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस समेत अन्य दलों के उम्मीदवारों तथा निर्दलीय प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र जमा कराये। आज नामजदगी का पर्चा भरने वाले कांग्रेस उम्मीदवारों में जयपुर से प्रताप सिंह खाचरियावास, करौली से भजन लाल जाटव, दौसा से मुरारी लाल मीणा, बीकानेर से गोविन्द राम मेघवाल और श्रीगंगानगर से कुलदीप इंदौरा शामिल है। इसी तरह भाजपा के अर्जुनराम मेघवाल ने बीकानेर से, इंदु देवी जाटव ने करौली धौलपुर से, प्रियंका बालन ने श्रीगंगानगर से, कन्हैयालाल मीना ने दौसा से, भूपेन्द्र यादव ने अलवर से, जयपुर ग्रामीण से राव राजेन्द्र सिंह, मंजू शर्मा ने जयपुर से नामांकन पत्र दाखिल किये। जयपुर में नामांकन जमा कराने के आखिरी दिन जिला निर्वाचन कार्यालय में काफी भीड रही। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने जयपुर, अलवर और करौली में भाजपा उम्मीदवारों के नामांकन के बाद जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कांग्रेस पर परिवारवाद का आरोप लगाते हुए कहा कि इनके नेताओं को केवल अपने बेटों की चिंता है। उन्होंने कहा कि मतदाता विकास की राह को चुनें।

......

जयपुर शहर से नामांकन दाखिल करने के बाद कांग्रेस प्रत्याशी प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा कि सुनील शर्मा का टिकट काटा नहीं गया है, उन्होंने खुद अपना नाम विड्रॉ किया है। उधर, नागौर में आरएलपी उम्मीदवार हनुमान बेनीवाल ने नागौर लोकसभा सीट से नामांकन भरा।

इस दौरान मीडिया से बातचीत में हनुमान बेनीवाल ने व्यापक जनसमर्थन मिलने का भरोसा जताया। उधर, हाल ही में कांग्रेस पार्टी में वापसी करने वाले नरेश मीणा ने आज दौसा लोकसभा क्षेत्र से निदर्लीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन भरा है। भरतपुर में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी रामस्वरूप कोली ने नामांकन रैली निकाली। इसके साथ ही कांग्रेस की प्रत्याशी संजना जाटव भी जुलूस के रूप में नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए कलेक्ट्रेट पर पहुंची और अपना नामांकन दाखिल किया

चुरू से कांग्रेस प्रत्याशी राहुल कस्वां ने भी आज नामांकन भरा। इस मौके पर नामांकन सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने सरकार के समय के काम गिनाये। श्री गहलोत ने कहा कि उनकी सरकार के समय जो योजनाएं बनीं, वे देश में कहीं नहीं हैं। उन्होंने बीकानेर में गोविन्द राम मेघवाल के समर्थन में भी जनसभा की।

......

कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने दौसा में कांग्रेस प्रत्याशी मुरारी लाल मीणा की नामांकन रैली को संबोधित किया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी और उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बीकानेर में जनसभा की।

पहले चरण में नामांकन पत्रों की कल जांच होगी। 30 मार्च तक नाम वापस लिये जा सकते हैं। पहले चरण में प्रदेश में जयपुर सहित 12 निर्वाचन क्षेत्रों में 19 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। दूसरे चरण में प्रदेश की 13 लोकसभा सीटों के लिए कल अधिसूचना जारी होगी। नामांकन पत्र 4 अप्रैल तक भरे जा सकेंगे। अगले दिन नामांकन पत्रों की जांच होगी और उम्मीदवार 8 अप्रैल तक नाम वापस ले सकेंगे दूसरे चरण में मतदान 26 अप्रैल को होगा।

000000

राज्य में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नामांकन भरने का काम पूरा होने के साथ ही उम्मीदवारों की ओर से प्रचार भी शुरू कर दिया गया है। भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव के लिए 40 स्टार प्रचारकों की सूची की जारी की है। इस सूची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, योगी आदित्यनाथ, भजनलाल शर्मा, ओम बिरला, सीपी जोशी, वसुंधरा राजे, गजेंद्र सिंह शेखावत शामिल है। इसके अलावा कैलाश चौधरी, केशव प्रसाद मौर्य, देवेंद्र फडणवीस, अलका सिंह गुर्जर, डॉ.किरोड़ीलाल मीणा, घनश्याम तिवारी, डॉ. सतीश पूनिया, राजेंद्र गहलोत, दिया कुमारी, डॉ.प्रेमचंद बैरवा, राज्यवर्धन सिंह राठौड़ और बाबा बालकनाथ भी पार्टी के स्टार प्रचारक होंगे।

0000

लोकसभा चुनावों को लेकर जिलों में प्रशासन की ओर से तैयारियॉ की जा रही हैं। डूंगरपुर में आज एफएसटी और एसएसटी टीमों को ट्रेनिंग दी गई। इसमें चुनाव आयोग के नियमो की जानकारी दी गई। जयपुर और चित्तौडगढ में आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करने सहित लोकतंत्र के महापर्व में मीडिया की भूमिका को लेकर मीडिया प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित हुई। भरतपुर के नदबई में आम चुनाव के दौरान निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में मतदान की अपील को लेकर पुलिस और सीआरपीएफ की टीम ने फ्लेग मार्च निकाला। करौली–धौलपुर लोकसभा क्षेत्र के व्यय पर्यवेक्षक तरूण कुमार और सामान्य पर्यवेक्षक डॉक्टर एम हरि जवाहर लाल ने एमसीएमसी और मीडिया प्रकोष्ठ का निरीक्षण किया। सवाईमाधोपुर में जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने संवेदनशील मतदान केन्द्रों का जायजा लिया।

00000

प्रदेश में लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढाने के लिये विभिन्न नवाचार किये जा रहे हैं। अजमेर में स्वीप गतिविधियों पर आधारित साप्ताहिक अजमेर स्वीप एक्सप्रेस छपवाई गई है। इसके प्रवेशांक का आज विमोचन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. भारती दीक्षित ने बताया कि अजमेर संसदीय क्षेत्र में मतदान के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए साप्ताहिक बुलेटिन निकालने का नवाचार स्वीप प्रकोष्ठ ने किया है। यह पूरी तरह गैर व्यावसायिक और मुफ्त प्रकाशन है। इसमें निर्वाचन संबंधी गतिविधियों को स्थान दिया जाएगा। निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न होने तक हर सप्ताह इसका प्रकाशन डिजिटल तथा भौतिक स्वरूप में किया जाएगा। उधर टोंक में आज मतदाता जागरूकता के लिए रैली और कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा रैली को जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सौम्या झा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में अधिकारियों कर्मचारियों, नव मतदाताओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, ग्राम साथिनों, स्कूली बच्चों और स्काउट गाइड ने भाग लिया। जालौर में आज सार्वजनिक स्थानों पर मतदाता जागरूकता संबंधी पोस्टर बैनर और होर्डिंग्स लगाये गये। जिले में बिजली बिलों पर भी वोट डालने की अपील छापी गई है। झालावाड़ जिले के सुनेल ब्लॉक में ग्राम पंचायत ओड़ियाखेड़ी, फतेहगढ, सेमला, माथनिया में मनरेगा कार्यस्थलों पर श्रमिकों को वोट डालने का संकल्प दिलाया गया। सवाईमाधोपुर में महिला और बाल विकास विभाग की ओर से जागरूकता रैली निकाली गई।

00000

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से मतदाता जागरूकता के लिये संदेश श्रृंखला चलायी जा रही है। इसमें श्रोता संदेश भेजकर मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। श्रोता अपने संदेश रिकॉर्ड कर या टाईप कर व्हॉट्सअप नम्बर 94140–52368 पर भेज सकते हैं। चुनिन्दा संदेशों को समाचार बुलेटिनों में स्थान दिया जाएगा। आज का पहला संदेश चौहटन बाडमेर के श्रोता चेतनराम विरडा ने भेजा है। उन्होंने लिखित संदेश में सभी देशवासियों से वोट देने की अपील की है। उन्होंने लिखा कि हमारा देश लोकतांत्रिक देश है और वोट डालना हम सभी का कर्तव्य है क्योंकि हर एक वोट बहुत महत्व रखता है। इसी तरह अनूपगढ़ जिले के एक दृष्टि बाधित श्रोता ने भी उत्साहवर्धक संदेश भेजा है।

-----

000000

सैन्य कंमाडरों का सम्मेलन कल नई दिल्ली में हाईब्रिड माध्यम से शुरु होगा। सम्मेलन के दौरान रक्षामंत्री राजनाथ सिंह उपस्थित समूह को संबोधित करेंगे और दो अप्रैल को वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व के साथ संवाद भी करेंगे। सम्मेलन के पहले दिन सेना प्रमुख जनरल मनोज पाडंये अपने–अपने कमान मुख्यालय से वर्चुअल माध्यम से भाग लेने वाले सैन्य कंमाडरों के साथ संवाद करेंगे।

00000

गुजरात के गांधी नगर में सम्पन्न एसबीआई ग्रीन मैराथन के स्वर्ण पदक विजेता रोहित वंशीवाल और गणपत सिंह चूंडावत को आज बूंदी जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने सम्मानित किया। उन्होंने दोनों युवा धावकों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी दी। जिला कलेक्टर ने कहा कि दोनों युवाओं की सफलता अन्य लोगों को भी प्रेरित करेगी। गौरतलब है कि रोहित बंशीवाल ने 21 किलोमीटर हाफ मैराथन में शामिल होकर 1 घंटा 5 मिनट का समय लेते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया। वहीं गणपत सिंह चूंडावत ने 10 किमी दौड़ के लिए 30 मिनट का समय लेते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया।

**00000**

राज्य के पश्चिमी हिस्सों में तेज गर्मी पड़ रही है। मौसम विभाग के अनुसार इस इलाके में दिन का तापमान सामान्य के मुकाबले 3 से 5 डिग्री तक ऊपर दर्ज हो रहा है। आज जैसलमेर और फलौदी में लू के हालात रहे। फलौदी में सबसे अधिक 41 दशमलव 2 डिग्री सैल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। उधर उत्तरी हिस्सों में कहीं–कहीं हल्की बारिश या बूंदा बांदी हुई है। वहां आज भी ऐसा ही मौसम बनने के आसार हैं। मौसम विभाग ने कहा है कि 29–30 मार्च को एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है इसके असर से जोधपुर, बीकानेर, जयपुर, भरतपुर संभाग के कुछ हिस्सों में अचानक तेज हवाएं चलने और कहीं–कहीं हल्की बारिश होने के आसार है।

**00000**